भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.08.2023

आरेडिका में 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप में खिलाडियों ने दर्ज की शानदार जीत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 23.08.2023 से 25.08.2023 तक 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन चल रहा है। जिसमें हैमर थ्रो, 10 हजार मीटर दौड़,1600 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़,100 मीटर दौड ऊँची कूद, 35 किमी वाकरेस, शॉटपुट, पोलवॉल्ट, आदि प्रतियोगिताओं का सफल आयेजन हुआ जिसमें रेलवे के पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने जोन को गौरवांवित किया। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शनके लिए शुभकामना दी।

आरेडिका की पायल कुशवाह ने 35 किमी वाकरेस में स्वर्ण पदक एवं ज्योति ने 1600 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया।

पुरूष ऊँची कूद में उत्तर पश्चिम रेलवे के यमनदीप शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दक्षिण पश्चिम रेलवे के सुरेन आर एवं सुरेन्द्र कुमार ने क्रमसः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महिला ऊँची कूद में पश्चिमी रेलवे की अभिन्या शेट्टी प्रथम एवं उत्तर पश्चिम रेलवे की रेखा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

शॉटपुट प्रतियोगिता में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के अमनदीप सिंह प्रथम स्थान पर रहे वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अभिलाष सक्सेना ने द्वितीय स्थान तथा दक्षिण पश्चिम रेलवे के आशीष भलौथिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर महिला दौड़ में पटियाला लोको वर्क्स की प्राची एवं किरन क्रमश प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं तथा दक्षिण पश्चिम रेलवे की लोकनायकी एम तृतीय स्थान पर रही।

महिला हैमर थ्रो में उत्तर रेलवे की सरिता पी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और बनारस लोको वकर्स की रेखा सिंह तथा पूर्व रेलवे की कुलविंदर कौर ने क्रमश द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

10 हजार मीटर पुरूष दौड़ में पूर्वोत्तर रेलवे के रंजीत कुमार पटेल ने प्रथम और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के हरीश द्वितीय तथा रेलकोच फैक्ट्री कपूरथला के अरूण कुमार ने इस दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि बहादुर प्रसाद एरिना में प्रतियोगिताओं के नियंत्रण एवं निरीक्षण के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त नियंत्रण कक्ष बनाया गया। दिनांक 25.08.2023 सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर चैंपियनशिप का भव्य समापन होगा।

24.8.2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी